समाचार

# उद्योग मंत्री ने सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी में साढ़े 48 लाख रूपये के घाट निर्माण की रखी आधारशिला

## (उक्त महत्वपूर्ण स्थल पर घाट निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी, घाट तक पहुंच मार्ग भी बनेगा )

## (निगम के सर्वमंगला जोन के वार्ड क्र. 62 एवं 65 में साढ़े 76 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने)



कोरबा 08 नवम्बर 2025 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 62 स्थित सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी में 48 लाख 53 हजार रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे घाट व पहुंच मार्ग निर्माण की आज आधारशिला रखी, उक्त महत्वपूर्ण स्थल पर नागरिकों की घाट निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन की पहल पर पूरी हुई, तो वहीं उक्त कार्य सहित वार्ड क्र. 62 व 65 में कुल साढ़े 76 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन उद्योग मंत्री श्री देवांगन के द्वारा किया गया।

नगर पालिक निगम कोरबा के सर्वमंगलानगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 62 में सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी पर घाट निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने साढ़े 48 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे उक्त घाट व पहुंच मार्ग निर्माण की आधारशिला रखी,

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के साथ ही नमामि सेवा समिति के प्रमुखजन श्री चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव, श्री रणधीर पाण्डेय, मनोज लहरे, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, भानुमति जायसवाल, आरती लखन साहू, रामाधार पटेल, प्रेम साहू आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने घाट निर्माण कार्य स्थल का जायजा लिया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में घाट का निर्माण पूरा किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर कहा कि विभिन्न धार्मिक अवसरों व त्यौहारों जैसे छठ पर्व, दीपावली, देव दीपावली, महाशिवरात्रि, कनकेश्वर धाम यात्रा आदि अवसरों पर श्रद्धालुओं व आमनागरिकों को पूजा पाठ , स्नान, दान व जल एकत्रित करने में यहॉ पर असुविधा होती थी, नागरिकों द्वारा लंबे समय से घाट निर्माण की मांग की जा रही थी, यह मेरा सौभाग्य है कि आज मेरे हाथों घाट निर्माण के कार्य का शुभारंभ हो रहा है तथा देवतुल्य जनताजनार्दन की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है।

**सुशासन व पूर्ण विकसित छत्तीसगढ़ बनाने पर हो रहा तेजी से कार्य** – उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य सरकार प्रदेश में सुशासन स्थापित करने व छत्तीसगढ़ को सम्पूर्ण विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है, उन्होने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व हमारे देश को मिला है, जिनके मार्गदर्शन में सम्पूर्ण देश के साथ–साथ हमारा छत्तीसगढ़ भी विकास की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है, उन्होने कहा कि विगत 11 वर्षो के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व पटल पर भारत को जो प्रतिष्ठा व सम्मान दिलाया है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है।

**श्री देवांगन ने अपने महापौर कार्यकाल में बहाई थी विकास की गंगा** – इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जब नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर थे, तो उन्होने निगम के सभी वार्डो, बस्तियों, पारों, मोहल्लों में विकास की गंगा बहाई थी तथा कोरबा के विकास पुरूष के रूप में उनकी पहचान बनी थी, जो आज भी कायम है, हम सब श्री देवांगन के महापौर के कार्यकाल को आज भी याद करते हैं। उन्होने कहा कि विगत कुछ वर्षो में क्षेत्र विकास में पिछड़ गया था किन्तु अब उद्योग मंत्री श्री देवांगन के मार्गदर्शन में पुनः तेजी से विकास हो रहा है, मैं विश्वास दिलाती हूॅ कि क्षेत्र की जनता ने जो भरोसा हम पर जताया है, उस भरोसे को कभी टूटने नहीं दिया जाएगा।

**साढ़े 76 लाख के विकास कार्यो का शुभारंभ** – उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने वार्ड क्र. 62 अंतर्गत सर्वमंगला मंदिर के समीप हसेदव नदी में साढ़े 48 लाख रूपये की लागत से बनने जा रहे घाट व पहुंच मार्ग निर्माण के साथ–साथ वार्ड क्र. 62 के ही दुरपा स्थित माध्यमिक शाला में 17 लाख रूपये की लागत से नवीन भवन के निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र. 65 आनंदनगर में दिलीप साहू के घर से जीवन साहू के घर के पास एवं पोतन मन्नेवार गली तक 11 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

इस अवसर पर नमामि सेवा समिति के प्रमुखजन श्री चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव, श्री रणधीर पाण्डेय, मनोज लहरे, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, भानुमति जायसवाल, आरती लखन साहू, रामाधार पटेल, प्रेम साहू, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, मण्डल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, माधव जायसवाल, देवकी साहू, भूपेन्द्र बरेठ, आकाश श्रीवास्तव, दिनेश झा, दीपा राठौर, अजय कश्यप, मीना तिवारी, रामेश्वर वैष्णव, प्रशांत मिश्रा, विजेन्द्र यादव, ननकीदास पटेल, उत्तम यादव, राजकुमारी केंवट, जीवन साहू, जयसिंह गभेल, बीना तिवारी, निगम के जोन कमिश्नर सुनील टांडे, सहायक अभियंता रमेश सूर्यवंशी, प्रमोद जगत, गौरी शंकर साहू, संतोष साहू आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।